**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड BHARAT ELECTRONICS LIMITED**
**जालहल्ली पोस्ट, बेंगलूरु Jalahalli PO, Bengaluru - 560013**
**मिलिटरी कम्युनिकेशन एसबीयू MILITARY COMMUNICATION SBU**

**विज्ञापन संख्या Advertisement No. 383/HR/MILCOM/2025/PE- I  दिनांक Date: 20.05.2025**

- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी तथा भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को अपने सैन्य संचार एसबीयू, बेंगलूरु संकुल के लिए अस्थाई आधार पर निम्न उल्लिखित के अनुसार निम्नवत कार्मिकों की आवश्यकता है – **केवल निम्न उल्लिखित स्थल पर तैनात होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी ही आवेदन करें**

  Bharat Electronics Limited a Navaratna Company and India's premier professional electronics Company under the Ministry of Defence, requires the following personnel on temporary basis for its Military Communication SBU, Bangalore Complex as mentioned below: **Only those candidates who are willing to be posted to the below location may apply**

| क्र. सं. Sl No | पद Post | योग्यता Qualification | पदों की संख्या No. of posts | आरक्षण Reservation | दिनांक 01.05.2025 को अनुभव Experience as on 01.05.2025 | कार्य स्थल Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परियोजना अभियंता-I Project Engineer-I | इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/इलेक्ट्रॉनिक्स और दूर संचार/दूर संचार/संचार में बीई/बी.टेक<br>BE / B.Tech in Electronics / Electronics & Communication / Electronics & Tele Communication / Telecommunication / Communication | 16 | सामान्य-10<br>ई.डबल्यू एस-4<br>अ.पि.व.-8<br>अ.जा.-4<br>अ.ज.जा.-2<br><br>Gen - 10<br>EWS-4<br>OBC-8<br>SC - 4<br>ST- 2 | न्युनतम 2 वर्षों का अर्हतोत्तर औद्योगिकी अनुभव<br>Minimum post qualification Industrial experience 2 Years | उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश<br>UTTAR PRADESH & MADHYA PRADESH |
| | | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी/इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी में बीई/बी.टेक<br>BE / B.Tech Electrical Engineering/ Electrical & Electronics Engineering. | 8 | | | |
| | | कंप्युटर विज्ञान/ कंप्युटर विज्ञान और अभियांत्रिकी/सूचना प्रोद्योगिकी/सूचना विज्ञान में बी.ई/बी.टेक<br>B.E/B.Tech in Computer Science/ Computer Science &Engineering/ Information Technology/Information Science | 4 | | | |

**नोट करें-** प्रबंधन के विवेकानुसार वास्तविक आवश्यकता के आधार पर रिक्तियों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है। बैंचमार्क अक्षम व्यक्तियों (पीडबल्यूबीडी) के लिए पदों का 4% आरक्षित रहेगा। आरक्षित वर्गों के लिए रियायत/छूट, सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।

**NOTE**: Number of vacancies may be increased or decreased based on the actual requirement at the discretion of the Management. 4% of the posts will be reserved for Persons with Disability (PwBD). Concession/relaxation for reserved categories will be as per Government guidelines.

जो अभ्यर्थी इस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें किसी भी स्थान पर स्थानांतरण के लिए तैयार रहना चाहिए और परियोजना से संबंधित कार्य के लिए किसी अन्य स्थान या साइट पर बारंबार यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए एवं प्रबंधन, परियोजना की आवश्यकता के आधार पर अभ्यर्थी को किसी भी स्थान पर तैनात करने का अधिकार सुरक्षित है।

Candidates who are desirous of applying for the post should be willing to relocate to any location and willing to travel frequently to any other place or site for project related work and Management reserves the right to post the candidates to any location, based on the project requirement

1. **ऊपरी आयु सीमा** - दिनांक 01.05.2025 को सामान्य वर्ग के लिए ऊपरी आयु सीमा 32 वर्ष है।

   **Upper Age Limit :** Upper age limit for General Category is 32 years as on **01.05.2025.**

**छुट** - ऊपरी आयु सीमा में अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष और अ.पि.व. अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष की छुट है। न्यूनतम 40% या उससे अधिक अक्षमता वाले पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऊपर उल्लिखित श्रेणियों पर लागू छूट के अलावा 10 साल की छूट मिलेगी। अ.जा/अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को सरकारी निर्देशों/दिशा-निर्देशों के अनुसार आरक्षण/छूट दी जाएगी।

**Relaxations:** The upper age limit will be relaxable for SC/ST candidates by 5 years and for OBC candidates by 3 years. For candidates belonging to PwBD category having minimum 40% disability or more will get 10 years relaxation in addition to the relaxation applicable to the categories mentioned above. Reservation / relaxation for SC/ ST/ OBC/ EWS candidates will be as per Government directives / guidelines

2. **नियुक्ति की शर्तें और पारिश्रमिक / Terms of Engagement & Remuneration**:

**परियोजना अभियंता - I** का प्रारंभिक नियुक्ति तीन वर्षों की होगी, जिसे आवश्यकता और व्यक्तिगत निष्पादन के आधार पर अधिकतम **एक वर्ष** (प्रारंभिक अवधि सहित) तक बढ़ाया जा सकता है, जो **कुल 4 वर्षों** की होगी।

**Project Engineer - I** will be engaged initially for a period of **Three years** which may be extended up to a maximum of **One year** (including initial period) a **total of 4 years** based on requirement and individual performance.

| वर्ष/ Year | पदनाम/ Designation | प्रति माह समेकित पारिश्रमिक/Consolidated Remuneration Per Month | देय अतिरिक्त अनुलाभ Additional Benefits payable |
|---|---|---|---|
| पहला वर्ष 1st Year | परियोजना अभियंता-I Project Engineer-I | रु Rs. 40,000/- | 1. क्षेत्र भत्ता* समेकित पारिश्रमिक (प्रति माह) का 10% Area allowance* @ 10% of consolidated remuneration (per month) 2. रु.12,000/- प्रति वर्ष बीमा प्रीमियम, पोशाक भत्ता, सिलाई प्रभार, फुटवेयर प्रभार आदि के लिए Rs. 12,000/- per year towards insurance premium, attire allowance, stitching charges, foot ware charges etc. |
| दुसरा वर्ष 2nd Year | परियोजना अभियंता-II Project Engineer-II | रु Rs. 45,000/- | |
| तीसरा वर्ष 3rd Year | परियोजना अभियंता-III Project Engineer-III | रु Rs. 50,000/- | |
| चौथा वर्ष 4th Year | परियोजना अभियंता-IV Project Engineer-IV | रु Rs.55,000/- | |

**<u>परियोजना अभियंता के लिए प्रतिधारण बोनस - परियोजना अभियंता जो परियोजना अभियंता-I के रूप में नियुक्त होते हैं और 4 वर्षों की समग्र अवधि पूरा करते हैं, वे प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए रु.25,000/- के प्रतिधारण बोनस के हकदार होंगे। बहरहाल, प्रतिधारण बोनस यानी रु.1,00,000/-, 04 वर्षों के अंत में देय होगा।</u>**

**<u>Retention Bonus for Project Engineer:</u> Project Engineers who join as Project Engineer-I and complete overall tenure of 4 Years will be entitled for Retention Bonus of Rs.25,000/- for every completed year. However, the retention bonus will be payable at the end of 04 Years i.e., Rs.1,00,000/-.**

3. **योग्यता** - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संगत विषय में निम्नलिखित इंजीनियरिंग विषयों में उत्तीर्ण श्रेणी के साथ बीई/बी. टेक पाठ्यक्रम (4 साल) के अभ्यर्थी पात्र हैं।
   **Qualification:** BE / B. Tech course (4 years) with PASS CLASS from a recognized University /Institution in the relevant discipline are eligible in the following Engineering disciplines

- इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार, दूरसंचार और संचार अभियांत्रिकी, संचारElectronics / Electronics & Communication, Electronics & Telecommunication, Telecommunication & Communication Engineering, Communication
- इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी Electrical Engineering.
- इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी
  Electrical & Electronics Engineering.
- कंप्युटर विज्ञान /सूचना प्रोद्योगिकी/सूचना विज्ञान
  Computer Science/ Information Technology/Information Science

4. **दिनांक 01.05.2025 को अर्हतोत्तर अनुभव - अभ्यर्थियों को न्युनतम 02 वर्षों का संगत अर्हतोत्तर औद्योगिकी अनुभव होना चाहिए।**

**Post Qualification Experience as on 01.05.2025: Candidates should have minimum Two Years relevant post qualification industry experience:**

अभ्यर्थियों को संबंधित अर्हतोत्तर औद्योगिक अनुभव होना चाहिए। आईपी नेटवर्किंग, हेल्पडेस्क प्रबंधन में अनुभव वांछनीय है। आईटी अवसंरचना परियोजनाएं/आईपी नेटवर्किंग/डेटा सेंटर परियोजनाएं/सीसीटीवी परियोजनाएं/सेंसर आधारित आईओटी परियोजनाएं/किसी भी आईपी सक्षम इलेक्ट्रॉनिक/सॉफ्टवेयर उत्पाद की स्थापना, विन्यास, रख-रखाव या उत्पाद सहायता सेवाओं में अनुभव को वरीयता दी जाएगी।

The candidates should have relevant post qualification Industrial experience. Experience in IP Networking, Helpdesk Management is desirable. Experience in IT Infrastructure Projects/ IP Networking / Data Centre Projects/CCTV Projects/Sensors based IOT Projects / any IP enabled Electronic / Software product Installation, Configuration, Maintenance or Product Support services are preferred.

**5. परियोजना अभियंताओं के लिए कार्य विवरण निम्नवत है –**

**JOB DESCRIPTION FOR PROJECT ENGINEERS ARE AS FOLLOWS:**

• आईपी सक्षम सेंसर जैसे कैमरा, रेडार, बिजली का घेरा और उसके सहायक उपकरणों के लिए नियंत्रक और अपटाइम एसएलए को पूरा करने के लिए कॉन्फिगेरेशन, अद्यतन और उसका रखरखाव

Configuration, Updation and Maintenance of IP Enabled sensors viz Cameras, Radar, Controller for electrical fence and its accessories and to meet uptime SLA.

• अपटाइम एसएलए को पूरा करने के लिए डेटा सेंटर के बुनियादी ढांचे जैसे सर्वर, स्विच, भंडारण, अग्नि नियंत्रण प्रणाली, पहुंच नियंत्रण प्रणाली, सीसीटीवी प्रणाली, प्रिसिशन एसी, डीजी सेट और यूपीएस का कॉन्फ़िगरेशन, अद्यतन और उसका रखरखाव।

Configuration, Updation and Maintenance of Data Centre infrastructure viz Servers, Switches, Storage, Fire control System, Access control System, CCTV System, Precision AC, DG Sets and UPS to meet uptime SLA.

• आईटी एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का कॉन्फ़िगरेशन, अद्यतन और रख-रखाव और अपटाइम एसएलए को पूरा करना।

Configuration, Updating and Maintenance of IT Application Software and to meet uptime SLA.

• अपटाइम एसएलए को पूरा करने के लिए कमान एवं नियंत्रण केंद्र यानी पीसी, कार्य केंद्र, डेटा वॉल जैसे कॉन्फिगेरेशन, अद्यतन और रख-रखाव के साथ-साथ सेंसर नेटवर्क, विद्युत प्रणाली ।

Configuration, Updating and Maintenance of Command and Control Centre Viz PC, Work Station, Data Wall etc., along with sensor network, Power System and to meet uptime SLA.

• प्रणाली के सुचारु संचालन के लिए ग्राहक, विभिन्न ओईएम/विक्रेताओं और बीईएल बेंगलूरु के साथ समन्वय।Co-ordination with Customer, various OEMs/vendor's and BEL Bengaluru for smooth running of system

• आंतरिक और बाहरी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक सभी मानक दस्तावेज बनाए रखना।

To maintain all standard documents required for Internal and External audit.

• शिकायत पंजीकरण और समाधान, एनएमएस सत्यापन और लॉजिस्टिक सहायता।

Complaint registration & resolution, NMS verification, and logistic support.

**• 3 चक्रीय पारी में काम करने के लिए इच्छुक होना चाहिए।**

**Should be willing to work in 3 rotational shifts.**

## 6. कृपया ध्यान दें / Please Note:

a) **औद्योगिक अनुभव** रखने वाले अभ्यर्थियों को ही आवेदन करने की आवश्यकता है।

Candidates possessing **Industrial experience** only need to apply.

b) अकादमी/अध्यापन/अनुसंधान कार्य अनुभव को संगत औद्योगिक अनुभव नहीं माना जाएगा।

Academy/Teaching/Research work experience will not be considered as relevant industrial experience.

c) अभ्यर्थियों को डिग्री पूरा होने तथा कक्षा और अंकों की प्रतिशतता के साक्ष्य के रूप में अनंतिम/अंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

Candidates have to compulsorily attach the Provisional / Final Degree Certificate as proof of completion of Degree and indication of Class and percentage of marks.

d) उल्लिखित संगत निर्धारित दस्तावेजों के बिना अभ्यर्थी का आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार/रद्द कर दिया जाएगा।

Candidate's application without the relevant prescribed documents mentioned will be rejected / cancelled without any prior intimation.

e) अभ्यर्थी के पास पिछले और वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र/दस्तावेज होने चाहिए जिसमें नियोजन और पद ग्रहण की अवधि स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो।

Candidate should possess Experience certificates/Documents issued by the previous and present employer clearly indicating period of employment and post held.

f) औद्योगिक अनुभव के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। सहायक दस्तावेजों के बिना दर्शाए गए कार्य अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा और यह बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार/रद्द करने के लिए बाध्य होगा।

The decision of the Selection Committee with respect to industrial experience will be final. Work experience indicated without supporting documents will not be considered and is liable to be rejected/cancelled without any prior intimation.

g) कृपया नोट करें कि इंटर्नशिप/परियोजना कार्य नियोजन जो शैक्षणिक पाठ्यक्रम का भाग रहता है, उसे संगत अनुभव के रुप में नहीं माना जाएगा। संगत न्यूनतम आवश्यक अर्हता को पूरा करने से पहले का कार्य अनुभव संगत अर्हतोत्तर अनुभव में योग्य नहीं होगा। अभ्यर्थी के पास पिछले और वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र/दस्तावेज होने चाहिए जिसमें नियोजन और पद की अवधि स्पष्ट रूप से उल्लेखत हो। शिक्षुता प्रशिक्षण के एक वर्ष पूरा होने को संगत अनुभव के रुप में नहीं माना जाएगा।

Please note that experience that is part of internship/ project work placements which were part of academic curriculum will not be considered as relevant experience. Work Experience prior to completion of the relevant minimum essential qualification will not qualify as relevant post qualification experience. Candidate should possess experience certificates / documents issued by previous and present employer clearly indicating the period of employment and post held. One year completed apprenticeship training will be considered as experience.

**7. चयन प्रक्रिया/Selection Procedure:**

a) लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा, उसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार होगा। लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए स्थल गाजियाबाद में होगा।

Selection will be through a Written Test, followed by an Interview for shortlisted candidates. **The venue for the Written Test/ Interview will be at Ghaziabad.**

b) लिखित परीक्षा के लिए 85% एवं साक्षात्कार के लिए 15% अंक आवंटित किया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को योग्यता के आधार पर 1:5 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

85% Marks will be allotted for the written test and 15% for the interview. Candidates who pass in the written test will be called for interview in the ratio of 1:5 in the order of merit.

c) लिखित परीक्षा / साक्षात्कार एवं अंतिम चयन के लिए अल्पसूचित अभ्यर्थियों के नाम हमारी कंपनी वेबसाइट पर सूचित किया जाएगा।

The names of candidates shortlisted for Written Test / Interview and final selections will be notified on our Company's website.

d) कृपया नोट करें कि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार का कॉल लेटर केवल ई-मेल के माध्यम से भेजा जाएगा।

Please note that Written Test/ Interview call letters will be sent through email only.

8. **आवेदन कैसे करें / How To Apply**:

a. उपर्युक्त सभी मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी इस विज्ञापन के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में आवेदन करें एवं आवेदन किए जा रहे पद लिफाफे पर लिख कर डाक के माध्यम से भेजें।Interested candidates meeting all the criteria mentioned above, should submit the application in the prescribed format appended to this advertisement and send the applications through post, super scribing on the envelope the post applied for.

b. पद के लिए आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है।

Before applying for the post, the candidate should ensure that he/ she fulfils the eligibility criteria mentioned in the advertisement.

c. अभ्यर्थियों को आवेदन में सभी जानकारियों को सही ढंग से दर्ज करनी होगी क्योंकि आवेदन पत्र अग्रेषित करने के बाद परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

Candidates are required to enter all information correctly in the application form as changes shall not be permitted after forwardal of the application form.

d. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन **सहायक प्रबंधक - मा.सं./ मिलिटरी कम्युनिकेशन एसबीयू, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, जालहल्ली पोस्ट, बेंगलूरु-560013 पर साधारण या स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 04.06.2025 या उससे पहले भेजने होंगे।**

Applications complete in all respects, may be sent to **"The Assistant Manager - HR Military Communication - SBU, Bharat Electronics Limited, Jalahalli Post, Bengaluru - 560013" so as to reach us on or before 04.06.2025 through ordinary or speed post**

e. आवेदन, "परियोजना अभियंता-I, मिलिटरी कम्युनिकेशन एसबीयू पद हेतु आवेदन" लिफाफे पर लिखकर भेजें।

The application should be sent by super scribing on the envelope **"Application for the post of Project Engineer-I, Military Communications SBU"**.

f. आवेदन, जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, पात्र नहीं है, आवश्यक अनुलग्नकों के बिना है को बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Applications that are incomplete, not in the prescribed format, not eligible, without the required enclosures will be summarily rejected without assigning reasons and no correspondence in this regard will be entertained.

## 9. आवेदन प्रस्तुत करते समय प्रस्तुत, किए जाने वाले दस्तावेज -

**Documents to be submitted at the time of submitting the application:**

- एसएसएलसी/मेट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रति (जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में)।

  Self-attested copy of $10^{th}$ Standard marks card SSLC / Matriculation Certificate (as proof of date of birth)

- पीयूसी/12वीं कक्षा/डिप्लोमा अंक पत्र की स्व-सत्यापित प्रति।

  Self-attested copy of PUC/$12^{th}$ Class / Diploma Marks Card.

- सभी सेमेस्टर/वर्षों को उत्तीर्ण हुए बीई/बी. टेक अंक पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां और अनंतिम/अंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां।

  Self-attested copies of BE/B.Tech Marks cards for having passed all semesters/years and Self-attested copies of Provisional/Final Degree Certificate.

- अंतिम समेकित अंक पत्र।

  Final consolidated marks sheet.

- अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में जाति/समुदाय/अक्षमता/आय प्रमाण-पत्र। उपर्युक्त किसी भी श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विभिन्न प्रमाण-पत्रों के प्रारूप विज्ञापन में लिंक के रूप में दिए गए हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों के पास दिनांक 01.05.2024 को या उसके बाद जारी प्रमाण-पत्र होना चाहिए। (विज्ञापन के साथ निर्धारित प्रारूप संलग्न किए गए हैं)।

  Caste/community/ Disability/Income certificate in case of candidates belonging to SC/ST/OBC (NCL)/ PwBD / respectively. Candidates claiming reservation under any of the above categories are required to submit the certificate in the prescribed format. The formats of various certificates are provided as link to the advertisement. Candidates belonging to OBC (NCL) category should possess the certificate issued on or after 01.05.2024. (Prescribed formats are attached long with this advertisement).

- **पिछले/वर्तमान नियोक्ता से अर्हतोत्तर अनुभव प्रमाण-पत्र। जहाँ वर्तमान नियोजन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, वहाँ नवीनतम वेतन पर्ची और कर्मचारी पहचान-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**

  **Post qualification experience certificate/s from previous / current employer. Where current employment certificate is not produced the offer of current employment, latest pay slip and employee ID proof should be compulsorily attached.**

- **एसबीआई रसिद की प्रति / Copy of SBI receipt.**
- पहचान पत्र (आधार कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस / वोटर कार्ड)

  Identity Proof (Aadhar card / Driving License / Voter ID)
- अभ्यर्थियों को विज्ञापन के साथ दिए गए निर्धारित प्रारूप में सभी जानकारियों को सही ढंग से दर्ज करना होगा।
- Candidates are required to enter all information correctly in the prescribed format provided along with the advertisement.

**10. आवेदन शुल्क भुगतान / Application Fee Payment:**

| **पद / Post** | **आवेदन शुल्क Application fee** | **छुट / Exemption** |
|---|---|---|
| परियोजना अभियंता - I Project Engineer - I | रु.Rs.472.(रु.Rs 400/-+ 18% लागू जीएसटी/plus applicable GST) | अ.जा., अ.ज.जा. और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान करने से छूट दी गई है। Candidates belonging to PwBD, SC and ST categories are exempted from payment of application fee |

<u>भुगतान के लिए अनुदेश / INSTRUCTIONS FOR MAKING PAYMENT:</u>

i. बीईएल की वेबसाइट में उपलब्ध भुगतान लिंक पर क्लिक करें या इस लिंक https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/icollecthome.htm?corpID=14842 पर क्लिक करें –

Click on the Payment link available in BEL Website OR click on this link -

ii. www.onlinesbi.com पर जाएं और State Bank Collect चयन करें।

Go to www.onlinesbi.com and select : - State Bank Collect

iii. terms and conditions को स्वीकार करें और Proceed पर क्लिक करें।

Accept terms and conditions and click on proceed

iv. निगम/संस्थान के प्रकार - PSU-Public Sector Undertaking चयन करें और Go पर क्लिक करें।

Select type of Corporation/Institution: - PSU – Public Sector Undertaking and press => Go.

v. पीएसयू-सार्वजनिक उपक्रम-Bharat Electronics Limited का चयन करें और Submit पर क्लिक करें।

Select PSU – Public Sector Undertaking : - Bharat Electronics Limited and press Submit

vi. भुगतान वर्ग का चयन करें - (Name of the post: Recruitment of Project Engineers – I for MILCOM SBU - Bangalore Complex)

Select payment category:- (Name of the post: Recruitment of Project Engineers – I for MILCOM SBU - Bangalore Complex)

vii. ऊपरोक्त के अनुसार भुगतान पुरा करें।

Complete the payment as explained above

viii. भुगतान रसीद का प्रिंट/स्क्रीनशॉट लें और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

Save & take a print / Screenshot of the payment receipt and attach it with the application form

ix. विज्ञापन के साथ स्क्रीन शॉट सहित विस्तृत अनुदेश दिए गए हैं।

Detailed instructions along with screen shots are provided with the advertisement

x. अभ्यर्थियों को भुगतान के बाद सृजित '**एसबीआई कलेक्ट संदर्भ संख्या**' को आवेदन पत्र में दर्ज करना होगा। एक बार भुगतान करने के बाद शुल्क अप्रदेय रहेगा।

Candidates have to enter the **"SBI Collect reference No."** generated after payment, in the Application Form. Fees once paid will not be refunded.

xi. इसके लिए स्क्रीनशॉट और अनुदेश विज्ञापन के नीचे दिए गए हैं। अभ्यर्थी वेब विज्ञापन के नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भुगतान कर सकते हैं। पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। अभ्यर्थी एसबीआई शाखा से भी भुगतान कर सकते हैं।

Screenshots and instructions for the same are provided below the advertisement. Candidates may make the payment by clicking on the link provided below the web advertisement. PwBD candidates are exempted from payment of application fee. Candidates can also make the payment by approaching the SBI branch.

xii. अभ्यर्थियों को भुगतान विकल्प में एसबीआई शाखा का चयन करना होगा और एसबीआई के माध्यम से सृजित चालान को डाउनलोड और प्रिंट करना होगा तथा आवेदन शुल्क और लागू बैंक शुल्क को एसबीआई की किसी भी शाखा में जमा करें। अभ्यर्थियों को बैंक अधिकारी के सील और हस्ताक्षर सुनिश्चित करना होगा। भुगतान रसीद/स्क्रीन शॉट अनिवार्य रूप से अन्य संलग्नकों के साथ संलग्न किया जाना चाहिए।Candidates are required to select SBI branch in the payment option & download & print the challan generated through SBI collect and deposit the application fee plus applicable bank charges in any SBI Branch. The candidates should ensure to obtain the seal and signature of the bank official. **Payment receipt/screen shot should be mandatorily attached along with other enclosures**.

xiii. एसबीआई के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि एसबीआई में उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में उल्लिखित समान मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उल्लेख किया हो।While paying application fees through SBI collect, candidates should ensure that they mention the same mobile number and email id in SBI collect as has been mentioned by them in the online application form.

## 11. सामान्य अनुदेश / General Instructions:

- अभ्यर्थियों को केवल एक स्थान के लिए आवेदन करने की अनुमति है (यदि अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक स्थानों के लिए आवेदन किया जाता है तो उसे सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा) ।Candidates are permitted to apply for only one location (Application for more than one location if applied by the candidate will be summarily rejected)
- चयनित अभ्यर्थियों को कार्यग्रहण के समय निम्नलिखित योजनाओं के व्याप्ति में शामिल होना आवश्यक है-रु.2 लाख राशि के वार्षिक चिकित्सा बीमा योजना और रु.5 लाख राशि के वार्षिक जीवन बीमा योजना। Selected candidates are required to be covered under the following schemes at the time of joining - Medical insurance scheme for a sum of Rs. 2 Lakhs & Life Cover scheme for a sum of Rs. 5 Lakhs per annum.
- **प्रशिक्षु अभियंता जो वर्तमान में बीईएल में कार्यरत हैं, वे इसकी पूर्व सूचना वर्तमान में कार्यरत यूनिट/एसबीयू/सीएसजी के संबंधित मानव संसाधन विभाग को देनी होगी। इसकी प्रति संलग्न करनी होगी।**

  **The Trainee Engineers who are currently working in BEL prior intimation shall be given to the respective HR Department of the Unit/SBU/CSG where the engineer is working. Copy of the same to be attached.**
- उसी पद के लिए पार्श्विक आवेदन की अनुमति नहीं है यानी परियोजना अभियंता जो वर्तमान में बीईएल की किसी एक यूनिट में कार्यरत हैं, वे बीईएल में अन्यत्र परियोजना अभियंता पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं। यदि आवेदन किया जाता है तो कोई कारण बताए बिना आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

  Lateral application for the same post is not permitted i.e., Project Engineers who are presently working in one of the Unit of BEL are not eligible to apply for Project Engineer elsewhere in BEL. If applied, the application will be summarily rejected without assigning any reasons.
- यदि अभ्यर्थी बीईएल में प्रशिक्षु अभियंता के रूप में कार्यरत हैं और विज्ञापन के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं तो वे परियोजना अभियंता-I पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

  If candidates are employed in BEL as Trainee Engineer and are fulfilling the eligibility criteria as per the advertisement can apply for the post of Project Engineer-I.
- चयनित अभ्यर्थियों को शुरूआत में बेंगलूरु में प्रशिक्षण दिया जाएगा, बाद में उन्हें पोर्ट ब्लेयर में तैनात किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित स्थान पर रहने की स्वयं व्यवस्था करनी होगी और आवास की लागत कंपनी द्वारा वहन नहीं होगी।

  Selected candidates will initially undergo training at Bangalore later they will be posted at Uttar Pradesh or Madhya Pradesh location. Candidates have to make their own arrangements for stay

at the location posted and the cost towards housing accommodation will not be borne by the Company.

- अभ्यर्थियों के पास न्युनतम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है जिसे आवेदन पत्र में दर्ज किया जाना है। अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। सूचना/संप्रेषण आदि प्राप्त करने और डाउनलोड करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अवैध ई-मेल आईडी के कारण ई-मेल में बाउंस, ई-मेल प्राप्त न होना, अभ्यर्थी द्वारा अपनाए गए विकल्प आदि के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा लिखित परीक्षा/साक्षात्कार से संबंधित सूचना अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत ई-मेल आईडी पर ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी।

  Candidates are required to possess at least one valid e-mail id, which is to be entered in the application form. All correspondence with candidates shall be done through email only. Responsibilities of receiving and downloading of information/ communications etc. will be of the candidate. BEL will not be responsible for bouncing of e-mails, non-receipt of e-mails due to invalid e-mail IDs, setting options exercised by the candidate, etc. and no correspondence in this regard will be entertained information pertaining to the written test / interview will be sent by E-mail to the E-mail Id furnished by the candidate.

- केवल भारतीय नागरिक आवेदन करें। ऊपर दर्शाए गए पद चयन के समय की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर अलग हो सकते हैं। किसी भी प्रकार के पक्ष प्रचार अयोग्यता का परिणाम होगा। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित / अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

  Only Indian nationals need apply. The posts indicated above may vary based on the actual requirement at the time of selection. Canvassing in any form will result in disqualification. BEL reserves the right to debar / disqualify any candidate at any stage of the selection process for any reason what so ever.

- अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के आधार पर स्क्रीनिंग और चयन किया जाएगा। गलत/झूठी जानकारी और गलत या अपूर्ण जानकारी देने पर अयोग्य कर दिया जाएगा और ऐसी गलत/झूठी/विसंगत/अपूर्ण जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा।

  Screening and selection will be based on the details provided by the candidates in the application form. Furnishing of wrong/false information and inaccurate or incomplete information will be disqualified and BEL will not be responsible for any consequence of furnishing such wrong /false/ inaccurate/ incomplete information.

- अंतिम चयन के परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। अनंतिम नियुक्ति आदेश चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा जारी किया जाएगा।

The results of the final selection will be made available on BEL website. The Provisional appointment order will be issued to the selected candidates by email.

- अत्यावश्यकता के आधार पर अभ्यर्थियों को अन्य परियोजनाओं के कार्यों में भी तैनात किया जा सकता है।

  Candidates may also be deployed to work on other projects based on exigencies of work.

- किसी भी चरण में चयन न होने पर किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।

  There will be no separate communication to any candidates on their non-selection at any stage.

- उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्दिपत्र, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट के करियर खंड https://bel-india.in पर उपलब्ध किया जाएगा तथा इस विषय पर प्रेस में प्रत्येक रुप से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

  Any revision, clarification, addendum, corrigendum, time extension, etc. to the above advertisement will be hosted on "Careers" section of BEL Website: https://bel-india.in only and no separate notification shall be issued in the press. Candidates are requested to visit the website regularly to keep themselves updated.

- अभ्यर्थी की पात्रता से संबंधित सभी मामलों में बीईएल का निर्णय, जिन चरण पर पात्रता की ऐसी जांच की जानी है, अर्हताएं और अन्य पात्रता मानदंड अभ्यर्थी पर अंतिम और बाध्यकारी होंगे।

  Decision of BEL in all matters regarding eligibility of the candidate, the stages at which such scrutiny of eligibility is to be undertaken, qualifications and other eligibility norms will be final and binding on the candidate.

- अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा 'चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ' पाए जाने की शर्त पर होगी।

  Appointment of the provisionally selected candidate will be subject to being found 'Medically Fit' by the Company's medical authorities as per the medical fitness standards laid down by the Company.

- भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले कोई भी परिणामी विवाद बेंगलूरु स्थित न्यायालयों के एकल अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

  Any resulting dispute arising out of this advertisement including the recruitment process shall be subject to the sole jurisdiction of the Courts situated at Bengaluru.

- केवल योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। बीईएल किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और

आवश्यकता पड़ने पर बिना कोई सूचना जारी किए या बिना कोई कारण बताए भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तारित/संशोधित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

**Merely fulfilling the minimum requirement of qualification and experience will not vest any right on the candidates to be called for the Interview/Written Test. BEL reserves the right to debar/disqualify any candidate at any stage of the selection process for any reason whatsoever and also reserves the right to cancel/restrict/ enlarge/modify or alter the recruitment or selection process, if need so arise without issuing any further notice or assigning any reason thereafter.**

- **आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा घोषित सूचना के आधार पर अभ्यर्थियों को अल्पसूचित की जाएगी। यदि चयन के किसी अन्य चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रत्यय-पत्रों के संबंध में झूठी सूचना घोषित की है, तो बीईएल चयन के किसी भी चरण में उन्हें निष्कासित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

  **Short listing of candidates will be carried out purely based on the information declared by candidates in the application form. If at any further stage of selection, it is found that candidates have declared false information w.r.t. their credentials, BEL reserves the right to debar them at any stage of selection.**

- **बीईएल की एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से अभ्यर्थी की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई अन्य शुल्क नहीं मांगेगा या धनराशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है। हम नौकरी तलाशने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संवाद से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी वाले कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है।**

  **BEL has a robust and transparent recruitment process where the selection criteria is purely based on merit of the candidate. BEL does not demand or charge any fee or request for money deposited at any stage of the recruitment process other than the application fee mentioned in this advertisement. We urge job seekers not to be misled by any communication made by fraudsters purporting to be representatives of our company and demanding payment in lieu of employment in BEL. The company is not liable for any loss that may ensue from such fraudulent actions.**

- बीईएल को ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है।**BEL reserves its right to take legal action including criminal action against such fraudsters.**

- **कृपया बीईएल से किसी भी नौकरी/करियर से संबंधित जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://bel-india.in पर दी गई जानकारी पर निर्भर रहें।**
  **Please rely on information hosted on our website https://bel-india.in for any job/ career related information pertaining to BEL.**

- **आवेदन और निर्धारित प्रारूप के लिए कृपया www.bel-india.in/careers को देखें।**
  **For Application and prescribed formats please visit: www.bel-india.in/careers/**

- **विज्ञापन और आवेदन शुल्क के भुगतान से संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए हमें संपर्क करें -**
  **For queries related to advertisement & payment of application fee contact us at:**
  ई-मेल/E-mail: hrmilcom@bel.co.in टेलिफोन संख्या/Telephone No: 080-22195466

- **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.06.2025**
  **The last date for receipt of application is 04.06.2025**

- कृपया नोट करें कि अन्य किसी द्वारा / माध्यम से किए गए संप्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।
  Please note that no other form / mode of communication will be entertained.

अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण-पत्र (गैर-नवोन्नत वर्ग) और ईडब्ल्यूएस के लिए निम्नलिखित अधिकारियों में से किसी एक द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी आय और परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र केवल ओबीसी/ईडब्ल्यूएस से संबंधित

`होने के अभ्यर्थी के दावे के साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाएंगे -

Other Backward Class Certificate (Non-Creamy layer) and the Income and Asset Certificate for EWS issued by any one of the following authorities in the prescribed format shall only be accepted as proof of candidate's claim as belonging to OBC / EWS: -

i. जिला दंडाधिकारी / अपर जिला दंडाधिकारी / जिलाधीकारी / उपायुक्त / अपर उपायुक्त / प्रथम श्रेणी वेतनमान दंडाधिकारी / उप-प्रभागीय दंडाधिकारी / तालुका दंडाधिकारी / कार्यपालक दंडाधिकारी / अतिरिक्त सहायक आयुक्त

District Magistrate / Additional District Magistrate / Collector / Deputy Commissioner / Additional Deputy Commissioner / 1st Class Stipendary Magistrate / Sub-Divisional Magistrate / Taluka Magistrate /Executive Magistrate / Extra Assistant Commissioner

ii. मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / अपर मुख्य प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी / प्रेसीडेंसी दंडाधिकारी

Chief Presidency Magistrate/Additional Chief Presidency Magistrate / Presidency Magistrate

iii. राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार श्रेणी से कम न हो और

Revenue Officer not below the rank of Tahsildar and

iv. अनुमंडल अधिकारी या क्षेत्र जहां अभ्यर्थी और/या उनका परिवार सामान्य रूप से निवास करते हैं।

Sub-Divisional Officer or the area where the candidate and/or his family normally resides.

******************